# पप्पास स्टडीज़

**स्कैवेंजर सेल स्टडी** - कुक काउंटी के उन क्षेत्रों की समीक्षा करें, जहां दोषपूर्ण संपत्ति की आबादी गवा रही है, ज़्यादा प्रोपर्टी टैक्स वृद्धि का सामना कर रहे हैं, और हिंसक अपराध के उच्च स्तर का सामना कर रहे हैं, जो सभी स्कैवेंजर सेल नीलामी में बोलियों की संख्या को कम कर रहे हैं।

**20-वर्ष का प्रोपर्टी टैक्स इतिहास** - अपने पिन के लिए 20 साल के इतिहास का एक्सेस करें, जिसमें बिल की गई राशि और मूल देय तिथियां शामिल हैं, और पूर्व वर्षों के बिल का एक सारांश डाउनलोड करें।

**शिकागो वार्ड और उपनगर द्वारा 2000 के बाद से शीर्ष 50 सबसे बड़ी टैक्स वृद्धि** - 2000 के बाद सबसे बड़े प्रोपर्टी टैक्स के साथ शिकागो और उपनगर में प्रोपर्टी देखें।

**डैब्ट स्टडी** - 12 से 20 विभिन्न स्थानीय सरकारी एजेंसियों के वित्तीय विवरण और ऋण देखें जो आपकी प्रोपर्टी टैक्स आय प्राप्त करते हैं।

# आपके प्रोपर्टी टैक्स का ओवरव्यु

**भुगतान की स्थिति** - वर्तमान टैक्स भुगतान की जानकारी देखें। भुगतान हमारी वेबसाइट पर आमतौर पर प्रस्तुत किए जाने के बाद 3-5 व्यावसायिक दिनों के भीतर दिखाई देते हैं।

**रिफंड्स** - प्रॉपर्टी टैक्स रिफंड आमतौर पर एस्क्रो (निलंबलेख) के माध्यम से अनपेक्षित ओवरपेमेंट के कारण, या टैक्सपेयर द्वारा प्रस्तुत डुप्लिकेट भुगतान के कारण उपलब्ध हो जाते हैं। यह देखने के लिए जांचें कि क्या आपको रिफंड के पात्र है, और ऑनलाइन आवेदन जमा करें।

**छूट** - आप कुक काउंटी आंकलनकर्ता की ऑफिस से टैक्स कम करने की छूट के लिए पात्र हो सकते हैं। वर्तमान टैक्स वर्ष और पूर्व तीन टैक्स वर्षों के लिए अपने पिन के लिए छूट के इतिहास की समीक्षा करें। छूट और आवेदन करने के तरीके के बारे में जानकारी के लिए, कुक काउंटी आंकलनकर्ता के कार्यालय से संपर्क करें।

- घरमालिक को छूट
- वरिष्ठ नागरिक होमस्टेड छूट
- वरिष्ठ नागरिक आकलन फ्रीज छूट

**आपके टैक्स बिल पर मेलिंग सूचना** - यह देखने के लिए जांचें कि क्या आपने टैक्स बिल रिटर्न किए हैं, और अपने बिल पर नाम और/या मेलिंग पते को अपडेट करवाये।

# मुफ्त में ऑनलाइन भुगतान करें

**ऑनलाइन** - ACH डेबिट का उपयोग करके अपने चेकिंग या सेविंग्स अकाउंट से cookcountytreasurer.com पर अपने वर्तमान प्रॉपर्टी टैक्स का ऑनलाइन भुगतान करें।

**क्रेडिट कार्ड (2.1% शुल्क)** - आप हमारी वेबसाइट पर क्रेडिट कार्ड के माध्यम से प्रॉपर्टी टैक्स भुगतान जमा कर सकते हैं। क्रेडिट कार्ड भुगतान के साथ 2.1% सुविधा शुल्क जुड़ा हुआ है। सभी सुविधा शुल्क पेमेंट प्रोसेसर को भुगतान किए जाते हैं।

**आंशिक भुगतान** - जैसे उनके बजट अनुमति देते हैं उसके अनुसार कुक काउंटी ट्रेज़रर ऑफिस करदाता को समय के साथ आंशिक भुगतान करने की अनुमति देता है। करदाता विलंबित कर भुगतान से जुड़े किसी भी ब्याज और शुल्क के साथ, कुल बकाया कर राशि का भुगतान करने के लिए जिम्मेदार हैं।

# भुगतान करने के और तरीके

**वैयक्तिक रूप से** - 118 नोर्थ क्लार्क स्ट्रीट, कक्ष 112, शिकागो, इलिनोइस 60602 में हमारे ऑफिस पर वैयक्तिक रूप से प्रोपर्टी टैक्स भुगतान जमा करने के लिए मुलाक़ात लें।

**चेज़ बैंक और सामुदायिक बैंक** - इलिनोइस में किसी भी चेज़ बैंक में या भाग ले रहे 100 सामुदायिक बैंक स्थानों में से किसी पर भी वर्तमान प्रोपर्टी टैक्स भुगतान जमा करें। एक टैक्स बिल भुगतान कूपन आपके भुगतान के साथ होना चाहिए। cookcountytreasurer.com पर आप अपने टैक्स बिल की एक कॉपी डाउनलोड और प्रिंट कर सकते है।

**मेल** - अपने कर बिल में शामिल रिटर्न लिफाफे के साथ मेल द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स भुगतान भेजें। प्रत्येक लिफाफे में एक भुगतान कूपन के साथ एक चेक मेल करें। रद्द किया गया चेक आपकी रसीद का काम करता है। यूएसपीएस पोस्टमार्क वाले लिफाफे को भुगतान हो चुके के रुप में उस तारीख को दर्ज किए जाएंगे जब भुगतान किया गया था। निजी कैरियर के माध्यम से भेजे गए भुगतान को उस तारीख के अनुसार पोस्ट किया जाएगा जब वे प्राप्त होंगे।

# टैक्स बिक्री से बचें

**वार्षिक टैक्स सेल** - दिए गए टैक्स वर्ष पर टैक्स की सभी शेष राशि का भुगतान उस तारीख से पहले पूरा किया जाना चाहिए, जिस तारीख पर "वार्षिक टैक्स सेल" नीलामी में अदत यानि बिन चुकाये हुए टैक्स बैलेन्स की पेशकश की जाती है।
यदि दिए गए टैक्स वर्ष के लिए आपके टैक्स का भुगतान टैक्स सेल की तारीख तक पूरा नहीं किया जाता है, तो आपके टैक्स को एक टैक्स खरीदार को बेचा जा सकता है। विमोचन की लागत विचारणीय हो सकती है, और ऐसे टैक्स जिनका विमोचन निर्दिष्ट समय के भीतर नहीं हुआ हैं वे परिणामस्वरूप आपकी प्रॉपर्टी के नुकसान के रुप में टैक्स खरीदार को जा सकता है।

**टैक्स विमोचन** - यदि आपके टैक्स (करों) को वार्षिक टैक्स सेल पर बेचे जाते हैं, तो आप अपनी प्रॉपर्टी का विमोचन कर सकते हैं और बिन चुकाये टैक्स और किसी भी अतिरिक्त ब्याज और शुल्क का भुगतान करके टैक्स धारणाधिकार को क्लियर कर सकते हैं। विमोचन बिल कैसे प्राप्त करें, इसकी जानकारी के लिए कुक काउंटी क्लर्क ऑफिस से संपर्क करें। वार्षिक टैक्स सेल के बाद विमोचन की अवधि प्रोपर्टी के प्रकार के आधार पर छह महीने से ढाई साल तक हो सकती है।

**क्या आपके टैक्स दोषपूर्ण हैं?** - वर्तमान टैक्स वर्षों के लिए अपने पिन पर किसी भी तरह के दोष के लिए Cookcountytreasurer.com पर जाँच करें। पूर्व के वर्षों के टैक्स पर देरी की जांच करने के लिए, या यह पता लगाने के लिए कि आपके प्रोपर्टी टैक्स की बिक्री की जा चुकी हैं, कुक काउंटी क्लर्क की वेबसाइट cookcountyclerk.com पर जाएँ।

# डाउनलोड करने योग्य फॉर्म्स

**रिफंड्स एप्लिकेशन** - हमारे डुप्लिकेट और ओवरपेमेंट, सर्टिफिकेट ऑफ एरर (त्रुटि का प्रमाण पत्र) और प्रॉपर्टी टैक्स अपील बोर्ड रिफंड एप्लिकेशन की प्रतियां डाउनलोड करें और प्रिंट करें। व्यक्तिगत रुप से या मेल में आवेदन सबमिट करें।

**ई-बिलिंग** - ईमेल के माध्यम से अपने टैक्स बिल प्राप्त करने के लिए हमारे इलेक्ट्रॉनिक बिलिंग ("ई-बिलिंग") प्रोग्राम में नामांकन करें।

**सैन्य छूट** - सक्रिय ड्यूटी पर सैन्यकर्मी सैनिक और नाविकों के नागरिक राहत अधिनियम के प्रावधानों के तहत अचल प्रोपर्टी टैक्स के भुगतान को स्थगित करने के पात्र हो सकते हैं। यह स्थगन आपकी सक्रिय ड्यूटी तारीख और सक्रिय ड्यूटी से आपकी मुक्ति से 180 दिनों के बीच की अवधि में लगने वाले टैक्स तक किया जा सकता है।

**सीनियर सिटीजन टैक्स डिफरल** - वरिष्ठ 65 या अधिक आयु वाले अपने निवास के मुख्य स्थान पर प्रोपर्टी टैक्स के प्रतिशत को स्थगित करने के पात्र हो सकते हैं। जब घर बेचा जाता है या वारिस को हस्तांतरित किया जाता है, तो प्रति वर्ष 6% साधारण ब्याज पर ऋण चुकाना आवश्यक होगा। आवेदन की नियत तारीख 1 मार्च हैं।

# पर जाएँ cookcountytreasurer.com

## ऑफ़िस में आप जो कुछ भी कर सकते हैं वह अब ऑनलाइन किया जा सकता है। cookcountytreasurer.com की सभी सुविधाओं का एक्सेस करने के लिए होमपेज पर छह बक्से का उपयोग करें।

आपकी प्रोपर्टी में एक अनन्य 14-अंकीय प्रोपर्टी इंडेक्स नंबर ("पिन") है जो आपके पार्सल के रियल एस्टेट कानूनी विवरण से मेल खाती है, जिसे आपके दस्तावेज़ पर सत्यापित किया जा सकता है। आपका पिन आपके टैक्स बिल के ऊपर भी पाया जा सकता है।

अपनी प्रोपर्टी, भुगतान की स्थिति, बिलिंग इतिहास, छूट, रिफंडस आदि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी के एक्सेस के लिए अपने पिन का उपयोग करें या अपना संपति पता दर्ज करें। आप अपने बिल का भुगतान भी कर सकते हैं या नाम या पते में परिवर्तन सबमिट कर सकते है।

| | | |
|---|---|---|
| पप्पास स्टडीज़ | आपके प्रोपर्टी टैक्स का ओवरव्यु | मुफ्त में ऑनलाइन भुगतान करें |
| भुगतान करने के और तरीके | टैक्स बिक्री से बचें | डाउनलोड करने योग्य फॉर्म्स |

# प्रोपर्टी टैक्स कलेक्शन

## कुक काउंटी में प्रोपर्टी टैक्स बकाया राशि में एकत्र किए जाते हैं। टैक्स बिल किश्तों में भेजे जाते हैं, साल में दो बार।

**पहली किश्त** - पहली किश्त के लिए नियत तारीख हमेशा मार्च महिने का पहला व्यावसायिक दिन होता है। प्रथम किश्त की टैक्स राशि पूर्व वर्ष के कुल टैक्स का 55% है।

**दूसरी किश्त** - दूसरी किश्त आमतौर पर अगस्त में पहला व्यावसायिक दिन होता है। इससे पहले कि कोषाध्यक्ष का कार्यालय दूसरी किश्त के बिलों को प्रिंट और मेल कर सके, राज्य, काउंटी और स्थानीय एजेंसियों को आकलन, अपील, राज्य बराबरी कारक, छूट और स्थानीय टैक्स दरों पर डेटा जारी करना होगा।

# प्रोपर्टी टैक्स सिस्टम के लिए मार्गदर्शिका

| संपति कर आइटम | आंकलनकर्ता | क्लर्क | कोषाध्यक्ष | पोर्टल |
|---|---|---|---|---|
| मेरे टैक्स के लिए अपील करना | ● | | | ● |
| डुप्लीकेट या ओवरपेमेंट रिफंड के लिए आवेदन करें | | | ● | ● |
| प्रोपर्टी टैक्स छूट के लिए आवेदन करें | ● | | | ● |
| टैक्स बिल पर नाम बदलें | | | ● | ● |
| भूल प्रमाण पत्र के लिए फाइल करें | ● | | | |
| मेरा पिन ढूंढें | | ● | | ● |
| एक टैक्स बिल प्राप्त करें | | | ● | ● |
| मेरे टैक्स का भुगतान करें | | | ● | ● |
| प्रोपर्टी का कानूनी विवरण | | ● | | |
| प्रोपर्टी के मालिक को सत्यापित करें | | ● | | |

## कुक काउंटी आंकलनकर्ता

cookcountyassessor.com टेली. 312.443.7550

संपति के आकलन को स्थापित करता है। टैक्स उद्देश्यों के लिए प्रोपर्टी का मूल्य निर्धारित करता है। साथ ही छूट और अपील का पर्यवेक्षण करता है।

## कुक काउंटी क्लर्क

cookcountyclerk.com टेली. 312.603.5656

वॉरंट बुक्स, जजमेंट बुक्स और स्कैवेंजर बुक्स को मैंटेन करता है। पूर्व वर्षों के लिए टैक्स बिल बनाता है, और टैक्स सेल पर बिक्री या विमोचन किये गये टैक्स को संभालता है। अचल प्रोपर्टी के स्वामित्व के साथ-साथ संघीय और राज्य टैक्स के रिकॉर्ड को मैंटेन करता है।

## कुक काउंटी ट्रेज़रर (कोषाध्यक्ष)

cookcountytreasurer.com टेली. 312.443.5100

प्रोपर्टी टैक्स के बिल प्रिंट करता है, मेल करता है और भुगतान एकत्रित करता है और स्थानीय सरकारी एजेंसियों को राजस्व के वितरण की देखरेख करता है। टैक्स के ओवरपेमेंट के लिए रिफंड जारी करता है। वार्षिक टैक्स सेल और स्कैवेंजर टैक्स सेल का प्रशासन करता है।

## कुक काउंटी प्रोपर्टी टैक्स पोर्टल

cookcountypropertyinfo.com

पोर्टल एक समेकित वेबसाइट है जो उपरोक्त ऑफ़िस के लिए प्रोपर्टी टैक्स की जानकारी के लिए वन-स्टॉप शोपिंग प्रदान करता है।

मारिया पप्पास
कुक काउंटी ट्रेज़रर

# प्रोपर्टी टैक्स सिस्टम




ऑफिस ऑफ कुक काउंटी ट्रेज़रर मारिया pappas
118 एन क्लार्क स्ट्रीट, RM 112, शिकागो IL 60602-1332
cookcountytreasurer.com